CBSE Class 6 Social Science Important Questions Civics Chapter 4 पंचायती राज

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
ग्राम सभा का सदस्य बनने के लिए कितनी आयु होनी चाहिए?
उत्तर:
18 वर्ष या उससे अधिक आयु।

प्रश्न 2.
पंचायती राज व्यवस्था में लोकतांत्रिक सरकार का पहला स्तर क्या है?
उत्तर:
ग्राम पंचायत, पंचायती राज व्यवस्था का पहला स्तर है।

प्रश्न 3.
ग्राम पंचायत किसके प्रति जवाबदेह होती है?
उत्तर:
ग्राम पंचायत ग्राम सभा के प्रति जवाबदेह होती है।

प्रश्न 4.
ग्राम सभा ग्राम पंचायत के किन - किन सदस्यों का चुनाव करती है?
उत्तर:
ग्राम सभा ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों और सरपंच का चुनाव करती है।

प्रश्न 5.
ग्राम पंचायत का कार्यकाल कितने वर्ष है?
उत्तर:
ग्राम पंचायत का कार्यकाल 5 वर्ष है।

प्रश्न 6.
पंचायती राज व्यवस्था के तीनों स्तरों की संस्थाओं के नाम लिखिये।
उत्तर:

- ग्राम स्तर पर 'ग्राम पंचायत'।
- ब्लॉक स्तर पर 'पंचायत समिति'।
- जिला स्तर पर 'जिला परिषद'।

प्रश्न 7.
ग्राम सभा की बैठकों की अध्यक्षता कौन करता है?
उत्तर:
ग्राम सभा की बैठकों की अध्यक्षता ग्राम पंचायत का सरपंच करता है।

प्रश्न 8.
ग्राम सभा और ग्राम पंचायत का रिकार्ड रखने की जिम्मेदारी किसकी होती है?
उत्तर:
ग्राम पंचायत के सचिव की यह रिकार्ड रखने की जिम्मेदारी होती है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
ग्राम पंचायत के संगठन को समझाइए।
उत्तर:

1. एक ग्राम पंचायत कई वार्डों में बंटी होती है। प्रत्येक वार्ड अपना एक प्रतिनिधि चुनता है, जिसे वार्ड पंच कहा जाता है।
2. एक ग्राम पंचायत क्षेत्र के समस्त वयस्क व्यक्ति मिलकर 'सरपंच' का चुनाव करते हैं, जो ग्राम पंचायत का मुखिया होता है।
3. ग्राम पंचायत का गठन पाँच वर्ष के लिए होता है।
4. ग्राम पंचायत का एक सचिव होता है जिसकी नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है जो पंचायत के निर्णयों का रिकार्ड रखता है।

प्रश्न 2.
पंचायती राज व्यवस्था के तीन स्तरों का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
पंचायती राज व्यवस्था के तीन स्तर निम्नलिखित हैं:

1. ग्राम पंचायत: प्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत लोकतांत्रिक सरकार का पहला स्तर है। ग्राम पंचायत ग्राम सभा के प्रति जवाबदेह होती है क्योंकि ग्राम सभा के लोग ही उसको चुनते हैं।
2. पंचायत समिति: ग्राम पंचायत के बाद, पंचायती राज व्यवस्था का, दूसरा स्तर विकास खंड का होता है। इसे पंचायत समिति कहते हैं। एक पंचायत समिति में कई ग्राम पंचायतें होती है।
3. जिला परिषद: पंचायत समिति के ऊपर जिला परिषद होती है। यह तीसरा स्तर है। यह एक जिले के विकास की योजनाएँ बनाती है।

https://www.evidyarthi.in/